




# गोंड-बुंदेला राजाओं से जुड़ी ऐतिहासिक विरासते हो रहीं खंडहर




नवभारत न्यूज

**पन्ना, 19 जून। हीरों, झीलों, वीरों और गौरवशाली इतिहास की पहचान रखने वाले पन्ना में आज ऐतिहासिक धरोहरें संकट में हैं। कभी राजवंशों की शौर्यगाथाओं और स्थापत्य वैभव से चमकने वाला यह प्राचीन नगर अब अतिक्रमण, उपेक्षा और दकियानूसी मानसिकता की मार से कराह रहा है। कई ऐतिहासिक स्मारक धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील हो रहे हैं।**

जबकि कुछ अपनी पहचान तक खो चुके हैं। पन्ना की पहाड़ियों और प्राचीन स्थलों में आज भी गोंड और बुंदेला राजाओं के शासनकाल के प्रमाण बिखरे पड़े हैं। करीब 500 वर्ष पूर्व महाराज छत्रसाल द्वारा बसाई गई इस नगरी में ऐतिहासिक महलों, हवेलियों और मकबरों के अवशेष अब संरक्षण की बाट जोह रहे हैं। शहर में स्थित महाराजा छत्रसाल के वंशजों के करीब एक दर्जन मकबरों में से अधिकांश दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों का निशाना बन चुके हैं। कई मकबरों की दीवारों पर बड़े-बड़े पेड़ उग आए हैं, तो कई जगह लोगों ने चारों ओर कब्जा जमा लिया है। कमलाबाई तालाब, किशोरजी मंदिर और तलैया फील्ड के पीछे स्थित मकबरों की हालत सबसे अधिक खराब बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन स्मारकों को अतिक्रमण मुक्त कराकर सुरक्षा नहीं दी गई तो आने वाले वर्षों में इनका नामोनिशान तक मिट सकता है। दूसरी ओर, जिला पुरातत्व संग्रहालय अब भी पन्ना की गौरवशाली विरासत को संजोए हुए है।

प्राचीन हिंदूपत महल में संचालित संग्रहालय में गुप्तकालीन दुर्लभ प्रतिमाएं, भगवान कार्तिकेय की 12 फीट ऊंची प्रतिमा, भगवान बुद्ध की ध्यान मुद्रा वाली मूर्ति सहित सैकड़ों ऐतिहासिक धरोहर सुरक्षित हैं। यहां शैव, जैन और वैष्णव परंपरा से जुड़ी अनमोल प्रतिमाएं इतिहास प्रेमियों को आकर्षित करती हैं। सलेहा क्षेत्र का 400 वर्ष पुराना राजा मंधाता का किला, अजयगढ़ मंदिर भी उपेक्षा की मार झेल रहे हैं। कई जगह मूर्तियां और स्थापत्य अवशेष खुले में बिखरे पड़े हैं। इतिहासकारों और स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यदि इन धरोहरों को पर्यटन से जोड़ा जाए, सुरक्षा दी जाए, तो पन्ना की खोयी पहचान को फिर से जीवित किया जा सकता है। इस दिशा में काम करने की जरूरत है। प्राचीन हिंदूपत महल की देखरेख भी बहुकोणीय तरीके से नहीं की जा रही है। जबकि यहां पर स्थापित संग्रहालय में सैकड़ों ऐतिहासिक धरोहर सुरक्षित हैं। रंग-रोगन नहीं होने से दीवारों की चमक खो गई है। दीवारों में काई जम गई है।

# नायब तहसीलदार और सहयोगी को 5-5 वर्ष का कारावास

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 19 जून। भ्रष्टाचार के खिलाफ पन्ना न्यायालय ने एक बड़ा और नजीर पेश करने वाला फैसला सुनाया है। अदालत ने गुनौर के तत्कालीन भ्रष्ट नायब तहसीलदार रविशंकर शुक्ला और उनके सह-आरोपी चौकीदार देवीदयाल दहायत को पांच-पांच साल के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है।**

विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) सुरेंद्र मेश्राम की अदालत ने दोनों आरोपियों पर कुल मिलाकर भारी जुर्माना भी लगाया है। शासन की ओर से इस महत्वपूर्ण मामले में मजबूत पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी मानवेंद्र सिंह द्वारा की गई, जिन्होंने गवाहों और सबूतों को क्रमबद्ध तरीके से कोर्ट के सामने रखकर आरोपियों के गुनाह को संदेह से परे साबित किया। यह पूरा मामला साल 2020 का है, जब गुनौर तहसील के सिली ग्राम निवासी ब्रजबिहारी प्रजापति का रेत से भरा ट्रैक्टर तत्कालीन नायब तहसीलदार रविशंकर शुक्ला ने पकड़कर थाने में खड़ा करवा दिया था। ट्रैक्टर को अवैध उत्खनन के मामले से बचाने और छोड़ने के एवज में अधिकारी ने 40 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। फरियादी रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने इसकी लिखित शिकायत सागर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक से कर दी। इसके बाद लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया। बातचीत के दौरान नायब तहसीलदार ने सौदा 35 हजार रुपये में तय किया और पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद, बची हुई 25 हजार रुपये की राशि देने के लिए फरियादी को नायब तहसीलदार के गुनौर स्थित शासकीय आवास पर बुलाया गया।

जैसे ही ब्रजबिहारी ने पैसे निकालकर दिए, नायब तहसीलदार रविशंकर शुक्ला ने चालाकी दिखाते हुए रिश्वत की रकम पास में ही खड़े चौकीदार देवीदयाल दहायत को थमा देने को कहा। फरियादी का इशारा मिलते ही लोकायुक्त की टीम ने दबिश देकर दोनों को रंगे हाथों दबोच लिया और उनके पास से रिश्वत के नोट बरामद किए। लंबी विवेचना और चालान पेश होने के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों और वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर माना कि लोक सेवक ने अपने पद का दुरुपयोग किया। न्यायालय ने भ्रष्टाचार को समाज के लिए घातक बताते हुए नायब तहसीलदार और चौकीदार को जेल भेज दिया।

# लाड़ली बहना : मृत्यु की जानकारी अपडेट करना अनिवार्य

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 19 जून। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं की मृत्यु की जानकारी समय पर अपडेट करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को जारी किए गए हैं।**

अब वांछित जानकारी निर्धारित समय पर समग्र पोर्टल में अपडेट नहीं करने वाले जन्म-मृत्यु पंजीयन अधिकारी व कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना वर्ष 2023 से संचालित है। पात्र महिलाओं के आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय बैंक खातों में प्रतिमाह आर्थिक सहायता राशि जमा की जाती है। योजना के प्रभावी संचालन के लिए हितग्राहियों की अद्यतन जानकारी समग्र पोर्टल पर दर्ज होना आवश्यक है। प्रायः पाया गया कि कई मामलों में हितग्राही महिलाओं की मृत्यु के बाद भी उनकी जानकारी समय पर अद्यतन न होने से मृत हितग्राही के खाते में राशि का भुगतान जारी रहता है। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए विभाग द्वारा संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर द्वारा भी निर्देशित किया गया है कि किसी भी हितग्राही की मृत्यु पर वांछित जानकारी तत्काल दर्ज करें। ग्राम पंचायतों में सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक तथा नगरीय निकायों में वार्ड व जोन प्रभारी जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य के लिए अधिकृत हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि विभाग की सचिव ने स्पष्ट किया है कि हितग्राही की मृत्यु संबंधी जानकारी मृत्यु तिथि से एक माह के भीतर अपडेट करना आवश्यक है अन्यथा खाते में योजना की राशि जारी होने पर संबंधित जन्म-मृत्यु पंजीयन अधिकारी व कर्मचारी जिम्मेवार होंगे।

## 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल

पन्ना, 19 जून। जिला प्रशासन, स्कूल शिक्षा एवं आयुष विभाग पन्ना के तत्वाधान में रविवार, 21 जून को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम होगा। जिला मुख्यालय पर श्री जुगल किशोर मंदिर के नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच हॉल में सुबह 6 बजे से 7:45 बजे तक स्वस्थ आयु के लिए योग की थीम पर सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

# शहर के प्रमुख चौराहों को नहीं मिली आवारा मवेशियों से मुक्ति



नवभारत न्यूज

**पन्ना, 19 जून। शहर में अवारा घूम रहे मवेशियों को गौ सदन भेजने को लेकर जिला प्रशासन कई बार आदेश जारी कर चुका है। इसके बाद भी जिले से लेकर गांव तक हालात जस के तस बने हुए हैं।**

शहर का शायद ही कोई चौराहा हो जहां दिन में भी आवारा मवेशी आराम फरमाते नहीं मिलते हों। शहर में बीते कई महीनों से आवारा मवेशियों के खिलाफकोई कार्रवाई भी नहीं की गई है। यहां का हांका गेंग पूरी तरह से निष्क्रिय बना हुआ है। शहर में महेंद्र भवन चौराहे से गांधी चौक के बीच करीब आधा किमी. के इस मार्ग में कई जगह पर आवारा मवेशी सडक़ों में बैठे और खड़े मिल जाते हैं।

जिला अस्पताल से सतना नाका के आगे तक करीब आधा दर्जन स्थानों में मवेशी बैठे और खड़े रहते हैं। ऐसी ही स्थित कोतवाली चौराहो से जनपद चौराहे तक होती है। सड़कों पर आवारा बैठे और घूम रहे इन मवेशियों के कारण पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं।

### गौ सदन बना, फिर भी समस्या

जिला मुख्यालय में बाईपास में गौ सदन बना हुआ है। जिसका संचालन एनजीओ करता है। यहां मवेशियों को रखने के साथ उनके भोजन और पानी आदि की भी व्यवस्था है।इसके बाद भी नगर पालिका का हमला मवेशियों को गो सदन तक नहीं पहुंचा पा रहा है। स्थानीय मनोज कुशवाहा ने बताया, बीते सालों देवेंद्रनगर में एक मवेसी ने एक वृद्ध के पेट में सींग घुसेड़ दी थी। जिससे वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसी तरह से शाहनगर में सडक़ में लड़ते हुए दो मवेशियों में से एक बाइक से टकरा गया था।



# मंदिरों में हुई चोरी का 24 घंटे के भीतर खुलासा

## तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 19 जून। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना रैपुरा पुलिस ने मंदिरों में हुई चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर सफ्ल खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं चोरी गया मशरूका बरामद करने में महत्वपूर्ण सफ्लता प्राप्त की है।**

पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 18 जून को फरियादी रघुनाथ सिंह बुंदेला पिता स्व. बल्देव सिंह बुंदेला, उम्र 64 वर्ष, निवासी ग्राम बड़ागांव, थाना रैपुरा द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 17 जून की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर से हनुमान जी के माथे पर लगा चांदी का मुकुट, सोने का तिलक तथा पीतल का गदा चोरी कर लिया गया।

इसके अतिरिक्त ग्राम बड़ागांव स्थित माता जालपा मंदिर का दरवाजा तोड़कर वहां से पीतल के घंटे एवं चांदी का मुकुट भी चोरी कर लिया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा संदिग्धों की पहचान कर दीपू जाटव पिता नीरज जाटव, उम्र 18 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 06, दमोह खास, संजय वंशकार पिता भागीरथ वंशकार, उम्र 27 वर्ष, निवासी नया बाजार, डगट चौराहा, थाना कोतवाली, नितिन आदिवासी पिता पप्पू आदिवासी, उम्र 19 वर्ष, निवासी इमलाई, थाना दमोह देहात को अभिरक्षा में लिया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मंदिरों में चोरी की घटना करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 02 नग चांदी के मुकुट, 01 नग पीतल का गदा, 22 नग पीतल के मंदिर के घंटे, घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद कर विधिवत जप्त कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय पवई के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# दलहन एवं तिलहन के भावों में हुई बढोत्तरी

▸ तेल एवं दाल के भाव बढे

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 19 जून।कृषि उपज मंडी के ताजा भावों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि खेत और रसोई का रिश्ता सीधा है। मंडी में जिस फसल का भाव बढ़ता है, उसका असर कुछ समय बाद आम आदमी की थाली तक पहुंचता है।**

गत दिवस मंडी के दैनिक आवक-भाव पंजी के विश्लेषण में यह साफदिखाई दिया कि दाल और खाद्य तेल से जुड़ी फसलें मजबूत स्थिति में हैं। इसका फायदा किसानों को मिल रहा है लेकिन आम उपभोक्ताओं के लिए यह महंगाई का संकेत भी माना जा रहा है।

**गेहूं ने संभाली बाजार की कमान** - जहां तिलहन और दलहन ने ऊंचे भावों से सुर्खियां बटोरीं, वहीं गेहूं ने अपनी मजबूत मौजूदगी से मंडी की गतिविधियों को गति दी। भारी आवक के बावजूद कीमतों में कोई बड़ी गिरावट नहीं आई, जो इस बात का संकेत है कि बाजार में मांग लगातार बनी हुई है। उपभोक्ताओं के लिए यह राहत की खबर है, क्योंकि गेहूं के स्थिर भावों का मतलब है कि फिलहाल आटा और अन्य गेहूं उत्पादों की कीमतों में बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा।

### कई फसलें मंडी से गायब

मंडी के रिकॉर्ड में धान, मक्का, सोयाबीन, बाजरा, कोदो और लोकवन गेहूं जैसी फसलों की आवक शून्य दर्ज की गई। सीजन बदलने के कारण इन फसलों की आवक लगभग समाप्त हो चुकी है। इससे मंडी का कारोबार फिलहाल गेहूं, दलहन और तिलहन फसलों के इर्द-गिर्द सिमट गया है।

### दालों के भाव ने बढ़ाई रसोई की चिंता

मंडी के आंकड़ों में दूसरी बड़ी बात दलहन फसलों की मजबूती रही। उड़द का अधिकतम भाव 7550 रुपए प्रति क्विंटल और राहर (तुअर) का भाव 7530 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। मूंग भी 7225 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकी, जबकि चना 5630 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। इन भावों को देखकर व्यापारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में खुदरा बाजार में दालों के दामों पर दबाव बना रह सकता है। इसका सीधा असर घरों के मासिक बजट पर पड़ सकता है, क्योंकि दालें भारतीय रसोई का सबसे जरूरी हिस्सा हैं। जानकारों का कहना है कि यदि नई आवक नहीं बढ़ी और मांग इसी तरह बनी रही तो खुदरा बाजार में दालों की कीमतों में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

# प्रधानमंत्री सड़कों की गुणवत्ता जांच निर्देशों तक सीमित

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 19 जून। प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना से सम्बंधित सड़कों की गुणवत्ता को परखने के लिये समय-समय पर निरीक्षण करने के प्रावधान है। जनवरी 2026 में इस तरह के निर्देश भी दिये गये थे।**

जहां अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी। किन्तु सड़कों का निरीक्षण किया गया या नहीं यह अभी तक पता नहीं चला। सवाल यह है कि कई प्रधानमंत्री सड़कों का निर्माण गुणवत्ताविहीन किया जाता है। शिकायतें होती रहती हैं किन्तु कोई कार्रवाई नहीं होती। ऊपर से सड़कों के निरीक्षण के आदेश हो जाते हैं। क्वालिटी मानीटर आते हैं और खानापूर्ति करके चले जाते हैं। जबक सड़कों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता।

**कई सड़कें ऐसी भी जिनका निरीक्षण शून्य:-** यह भी बताया जाता है कि कई सड़कें रिकार्ड में ऐसी भी हैं जिनका कभी निरीक्षण ही नहीं किया गया। जबकि निर्देशों के अनुसार सभी सड़कों का निरीक्षण किया जाना चाहिये। निरीक्षण के दौरान सड़कों की गुणवत्ता ठीक है या नहीं यह भी देखा जाना चाहिये। केवल कार्यालयों में बैठकर रिपोर्ट तैयार कर देना और उसे पोर्टल में दर्ज देने मात्र से निरीक्षण की कार्रवाई को पूर्ण नहीं माना जा सकता। ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रों को जोडने का एक सशक्त माध्यम है प्रधानमंत्री सड़कें।

# ईव्हीएम वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 19 जून। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने शुक्रवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया।**

इस मौके पर गोदाम के आंतरिक एवं बाह्य परिसर की व्यवस्थाओं सहित विभिन्न पंजियों का अवलोकन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी



मधुवंतराव धुर्वे, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी भी उपस्थित रहे। इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रयुक्त ईव्हीएम की शिफ्टिंग कार्यवाही भी संपादित की गई।

## फिर चमकी नोएडा के राणा परिवार की किस्मत, 6.54 कैरेट का उज्जवल हीरा मिला



पन्ना, 19 जून। रत्नगर्भा नगरी में आये दिन कोई न कोई रंक से राजा बनता रहता है। आज फिर नोएडा निवासी श्रीमति मीना देवी पति राणा प्रताप सिंह को जरूआपुर की उथली हीरा खदांन में उज्जवल किस्म का 6.54 कैरेट का हीरा मिला है जिसकी अनुमानित बाजारू कीमत लगभग 25 लाख बताई जा रही है। उक्त हीरा खदान निजी भूमि पर पट्टे पर लेकर लगाई गई थी, इसके पूर्व भी राणा परिवार को हीरे मिल चुके है।

# कब होगी जांच और मिलावटखोरों पर कार्रवाई?

## बेधड़क बेचा जा रहा मिलावटी दूध

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 19 जून। नगर में इन दिनों मिलावटी दूध डेयरी की बाढ़ सी आई हुई है इसका कारण यह है कि खाद्य विभाग की अधिकारी मात्र कागजों में कार्रवाई करके खाना पूर्ति कर देते हैं। जिससे की मिलावट खोरों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं।**

ऐसे चंद मिलावट खोर दूध में मिलावट करके चांदी पीट रहे है। वैसे देखा जाए तो दूध डेयरी खोलने के लिये फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफइंडिया से लाइसेंस लेना अनिवार्य होता है जो 90 प्रतिशत डेयरी वालों के पास नही है। वहीं जो दूध नापतोल के लीटर है उसमें भी गड़बड़ी है जिससे कि ग्राहकों को कम मात्रा में दूध दिया जाता है और बदले में भरपूर पैसे लिए जा रहे हैं। दूध में मिलावट करने वाले मिलावट खोर इस अवैध काम से बहुत अधिक मुनाफा कमा रहे हैं। इस गंभीर समस्या और इसमें शामिल लोगों के लालच को उजागर करती है। कुल मिलाकर देखा जाए तो दूध की जगह यह मिलावट खोर दूध में अन्य केमिकल पदार्थ मिलाकर लोगों को चूना लगाने में पीछे नहीं हट रहे है।

**यहां कर सकते हैं शिकायत** - यदि आपको मिलावटी भोजन या दूध के बारे में शक है, तो आप राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के टोल-फ्री नंबर 1800-11-4000 या 14404 पर कॉल करके या वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

**स्वास्थ्य के लिए खतरा** - मिलावटी दूध में अक्सर डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा, यूरिया, स्टार्च और वनस्पति तेल जैसे खतरनाक रसायन मिलाए जाते हैं, जो मानव स्वास्थ्य, खासकर बच्चों के लिए बेहद हानिकारक होते हैं। आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से मिलावटखोर पानी या अन्य सस्ते पदार्थ मिलाकर दूध की मात्रा बढ़ाते हैं, जिससे उन्हें अधिकतम लाभ होता है। इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से दूध में मिलावट के खिलाफसख्त सजा का प्रावधान करने को कहा है।

# स्कूल एवं खेत में चोरी करने के दो शातिर चोर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पवई 19 जून। पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अपने थाना क्षेत्र में हुई चोरियों का खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया था।**

जिसके तारतम्य में फरियादी श्री सुनील कुमार जैन प्रधानाध्यापक शासकीय माध्यमिक शाला झिलमिला ने थाना पवई में ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 13ध06ध26 की दरम्यानी रात को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा स्कूल का ताला तोड़कर स्कूल की महत्वपूर्ण सामग्री चोरी कर ली है एवं स्कूल के दस्तावेजों में आग लगा दी है जिससे थाना पवई में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद किया गया था ए इसके अलावा फरियादी लोकेंद्र सिंह निवासी ग्राम बुधेडा के द्वारा अपने खेत में लगी



मोटर चोरी होने की भी रिपोर्ट थाना पवई में पंजीकृत कराई थी ।

उक्त दोनों अपराधों में विवेचना के दौरान पवई थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार ने मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही प्रदीप पटेल उर्फजहरीला पिता प्रभु पटेल उम्र 21 साल निवासी मुराछ थाना पवई ए प्रिंस राजा पिता शरण गोपाल सिंह उम्र 25 साल निवासी बुधेड़ा थाना अमानगंज से पूछताछ की जिन्होंने पूछताछ के दौरान शासकीय माध्यमिक शाला झिरमिला से शासकीय सामग्री की चोरी एवं ग्राम मुराछ के खेत में लगी सिंचाई की मोटर चोरी करना स्वीकार किया है आरोपियों के द्वारा चोरी की गई कुल सामग्री कीमती करीबन साठ हजार रूपये की बरामद कराई है। आरोपियों को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय के आदेश से उप जेल पवई भेज दिया गया है।

# कलेक्टर ने डीजल की उपलब्धता बनाए रखने के दिए निर्देश उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 19 जून। कलेक्टर ऊषा परमार ने किसानों एवं आमजन के हित में डीजल प्रदाय की सुविधा के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पूर्व में जारी पत्र के निर्देश के पालन में तत्काल प्रभाव से आदेश जारी कर डीजल की उपलब्धता बनाए रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।**

स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर जिला कलेक्टर द्वारा इसका निर्णय लिया गया है। अब जिले के सभी पेट्रोल पम्प से डीजल प्राप्ति के लिए निर्धारित पहचान व आवश्यक अभिलेखों का सत्यापन अनिवार्य होगा। सत्यापन उपरांत प्लास्टिक केन में अधिकतम 50 लीटर डीजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। पम्प संचालकों को डीजल का विक्रय प्रचलित शासनादेश, सुरक्षा मानक एवं विधिक प्रावधान के अनुरूप सुनिश्चित करने तथा विक्रय का आवश्यक अभिलेख संधारित रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। आदेश का अनुपालन न करने अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर पेट्रोल पम्प संचालक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। सभी पेट्रोल पम्प संचालक प्रदत्त डीजल का रिकार्ड प्रत्येक 15 दिवस में खाद्य कार्यालय पन्ना में प्रस्तुत करेंगे। सभी सेल्स ऑफिसर को भी आदेश के उल्लंघन पर संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही



प्रस्तावित करने के लिए निर्देशित किया गया है। विदित हो कि वर्तमान में खरीफ फसल की बुवाई का कार्य आरंभ होने से अत्यावश्यक सेवाओं सहित महत्वपूर्ण परियोजनाओं व कृषकों की सुविधा एवं कृषि कार्यों की निरंतरता आदि के लिए डीजल की उपलब्धता बनाए रखने जरूरी है।

### सब जेल पवई में बंदियों को दिलाया व्यसन मुक्ति का संकल्प

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में गायत्री परिवार पन्ना द्वारा शुक्रवार को सब जेल पवई में एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर बंदियों ने यज्ञ में आहुति देकर व्यसन मुक्ति का संकल्प लिया। गायत्री परिवार द्वारा कैदी भाइयों के बीच सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। प्रेमलाल कुशवाहा ने गायत्री मंत्र व उपासना का महत्व एवं उपयोगिता बताई। दुर्वव्यसनों के दुष्परिणाम के बारे में अवगत कराकर जीवन जीने की कला सिखाई गई। प्रभा चौरसिया एवं सतपाल चौरसिया के प्रेरणा स्रोत संगीत की प्रस्तुति ने सभी बंदियों को भाव विभोर कर दिया। गायत्री परिवार के कैलाश ने बताया कि आज समस्त संसार में वैचारिक प्रदूषण है, जिसके कारण आज लोगों की बुद्धि दुर्बुद्धि में परिवर्तित हो गई है। यही कारण है कि लोग आपराधिक प्रवृत्ति अपनाते हैं और अपराधी बनते हैं। दुर्बुद्धि को सद्बुद्धि में परिवर्तित करने का सरल एवं सुलभ मार्ग है, गायत्री मंत्र। यह मंत्र वेद मंत्र के साथ सद्बुद्धि का मंत्र भी है। कार्यक्रम में सहायक जेल अधीक्षक मुनीन्द्र मिश्रा सहित अवध बिहारी पाठक, मनोज अहिरवार, प्रदीप परिहार, अखिलेश मिश्रा, कृष्ण कुमार झारिया उपस्थित रहे। गायत्री परिवार से बंदी साधना अभियान के राष्ट्रीय संयोजक प्रेमलाल कुशवाहा सहित अन्य मौजूद रहे।